**अपराध**

## घर में घुसकर किया दुष्कर्म का प्रयास

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। 20 वर्षीय महिला ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 11 मई को सुबह साढ़े 10 बजे परिवार के सदस्य घर से बाहर गए थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक घर में घुस गया। आरोपी ने घर पर उसे अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने उससे दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। परिजनों के लौटने पर उसने घटना के बारे में बताया और पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी दीक्षित के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### छात्रा वंशिका ने 97 प्रतिशत अंक प्रात कर स्कूल में हासिल किया प्रथम स्थान

# न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल का 12वीं का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा व चेयरमैन जीएस शर्मा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर दीं शुभकामनाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों का मुंह मीठा करवातीं स्कूल की प्रधानाचार्या व अन्य स्टाफ। **फोटो : हरिभूमि**


छात्रा वंशिका


छात्रा आरूषी


छात्र शब्द रोहिला

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय की प्रिंसीपल डॉ. बिंदु शर्मा व चेयरमैन जीएस शर्मा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि परीक्षा परिणाम में उनके स्कूल की छात्रा वंशिका ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, छात्रा आरुषि ने 95 प्रतिशत व शब्द रोहिल्ला ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया।

शगुन देवी ने 94.6 प्रतिशत, गरिमा ने 93 प्रतिशत, ओशिका ने 91.4 प्रतिशत, निताशा रानी ने 89 प्रतिशत, रक्षार्थ वर्मा ने 88.6 प्रतिशत, संध्या वर्मा ने 88.6 प्रतिशत व तरुण गुप्ता ने 88.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वहीं, चिराग ने 88.2 प्रतिशत, कुनाल ने 87.4 प्रतिशत, आर्यन कुमार ने 87.2 प्रतिशत व कुशांक ने 87.2 प्रतिशत, वैभव ने 87 प्रतिशत, तृषा ने 87 प्रतिशत, साक्षी ने 86.8 प्रतिशत, चिराग कुमार ने 86.4 प्रतिशत, लोविश बहल ने 86.2 प्रतिशत, निधि पंचाल ने 84.6 प्रतिशत तथा पारुल ने 84.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

प्रधानाचार्या ने बताया कि विषयवार भी बच्चों ने उत्कृष्ट अंक हासिल किए हैं। जिनमें अंग्रेजी विषय में वंशिका ने 97 अंक, शब्द रोहिल्ला, आदित्य मिश्रा, वैष्णवी शर्मा व शगुन देवी (सभी)ने 96अंक, कनिका, कुशांक व गरिमा ने 95 अंक, आरुषि, चिराग कुमार व नियम कश्यप ने 94 अंक, आर्यन कुमार, चिराग व दीक्षा राणा ने 93 अंक, तन्वी पाल ने 92 अंक, वैभव, जसलीन कौर, रोहन, साक्षी, संध्या वर्मा व कुनाल ने 91 अंक प्राप्त किए। वहीं, भौतिक विज्ञान विषय में आरुषि ने 92, शब्द रोहिल्ला ने 89, आर्यन कुमार ने 84, वैभव ने 82 एवं कुशांक ने 81 अंक प्राप्त किए।

रसायन विज्ञान विषय में शब्द रोहिल्ला ने 93, आरुषि ने 90, आर्यन कुमार एवं चिराग कुमार ने 86 तथा वैभव ने 81 अंक प्राप्त किए। गणित विषय में आरुषि ने 95, चिराग ने 78, आर्यन कुमार एवं कुशांक ने 74 अंक प्राप्त किए। जीव विज्ञान विषय में शब्द रोहिल्ला ने 95, जानवी रानी एवं रक्षार्थ वर्मा ने 89 तथा वैभव ने 86 अंक प्राप्त किए। अकाउंटेंसी विषय में वंशिका ने 97, तरुण गुप्ता ने 95 तथा शगुन देवी ने 91 अंक प्राप्त किए। बिजनेस स्टडीजÞ विषय में निताशा रानी ने 95,वंशिका ने 94, ओशिका एवं शगुन देवी ने 91 तथा गरिमा ने 90 अंक प्राप्त किए।

अर्थशास्त्र विषय में गरिमा, ओशिका, शगुन देवी एवं लोविश बहल ने 95, कुनाल ने 94 तथा वंशिका ने 93 अंक प्राप्त किए। जबकि शारीरिक शिक्षा विषय में वंशिका ने 97, धनंजय बिंद्रा ने 96, दीक्षा राणा एवं कुशांक ने 95 अंक, आरुषि एवं शौर्य चौहान ने 94, रक्षार्थ वर्मा एवं शगुन देवी ने 93, चिराग एवं साक्षी ने 92, शब्द रोहिल्ला, आदित्य मिश्रा, तृषा, जस्मीन कौर, लक्ष्य सैनी एवं संध्या वर्मा ने 91 अंक प्राप्त किए। इसी तरह संगीत विषय में शब्द रोहिल्ला, आरुषि, चिराग, चिराग कुमार एवं वंशिका ने 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

उन्नति एवं गरिमा ने 99, रक्षार्थ वर्मा, लक्ष्य सैनी, सृष्टि शंबूक, निताशा रानी,शगुन देवी एवं लोविश बहल ने 98, तृषा, धनंजय बिंद्रा, यशिका धीमान, जैसमीन कौर, अनिश्का राणा, अन्नू, पारुल, साक्षी एवं उमंग ने 97, पुलकित, खुशहाल, वैष्णवी शर्मा एवं ओशिका ने 96 अंक तथा अपारदीप सिंह, रितेश, निशा मीणा, संध्या वर्मा एवं कुमकुम विश्वकर्मा ने 95 अंक प्राप्त किए।

**बच्चों की सफलता उनकी मेहनत का फल**

प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा शर्मा ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी कठिन मेहनत,शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा व निदेशक विकास शर्मा ने सभी बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल चांदपुर की छात्रा ने किया शानदार प्रदर्शन

# दसवीं कक्षा में 98 प्रतिशत अंक लाकर श्रुति ने स्कूल में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


छात्रा श्रुति


छात्रा परी

न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) की छात्रा श्रुति ने 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक 98 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। स्कूल प्रबंधन समिति ने सभी मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा व प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने बताया कि दसवीं कक्षा के कुल 45 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिनमें श्रूति ने सर्वाधिक 98 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। इसके अलावा अंशिका ने 94.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा परी ने 93.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि सुहाना ने 92 प्रतिशत, यम कुमारी ने 91.6, तमन्ना ने 91.4, अंशु ने 91.2, मनन ने 91, अभिजीत ने 89.4, विशु ने 88, दामिनी ने 87.4, खुशी ने 87, कोमल कुमारी ने 84.2, विजेन्द्र सिंह ने 82, प्रिंस यादव ने 81.2, नितिन सैन ने 79.6, श्रूति रानी ने 79.4, चिराग ने 77.4, हरलीन कौर ने 77, जिकरा हसीब ने 76.4, आर्यन कुमार ने 75.2, नवीन ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ कीर्तिमान स्थापित किया। प्रिंसीपल कमलेश सिक्का ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि 12वीं कक्षा में स्कूल की छात्र के प्रदेश भर में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के बाद 10वीं कक्षा के बेहतर परिणाम ने भी स्कूल की परीक्षा प्रणाली को उजागर कर दिया है कि किस प्रकार स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान दिया जाता है। यही कारण है कि स्कूल के विद्यार्थी बेहतर परीक्षा परिणाम लाने में अग्रसर रहते हैं। उन्होंने बच्चों की इस उपलब्धि के लिए सभी को बधाई दी।

## महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

- पूर्वा चौहान ने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


छात्रा पूर्वा चौहान

महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन(यमुनानगर) का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कर खुशी जताई है।

स्कूल प्रबंधक साहब सिंह राणा ने बताया कि बच्चों और अध्यापकों की मेहनत से स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर छात्रा पूर्वा चौहान ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, ऋषभ ने स्कूल में द्वितीय, छात्र अंकुश ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि लविश सैनी ने चतुर्थ स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य बच्चों ने भी 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह राणा ने कहा कि गत वर्ष भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा था। यह उपलब्धि बच्चों और अध्यापकों की कड़ी मेहनता का ही परिणाम है। उन्होंने दसवीं कक्षा में अच्छे अंक लेकर पास हुए बच्चों को बधाई व शुभ कामनाएं दी हैं।

**परीक्षा परिणाम**



### डीएवी पब्लिक स्कूल का 12वीं का रिजल्ट 100 फीसदी

**रादौर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 12वीं का डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। स्कूल की छात्रा खुशी राधान ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रिंसीपल रमन कुमार शर्मा ने बच्चों का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी। स्कूल के प्रिंसीपल रमन कुमार शर्मा ने बताया कि खुशी राधान ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान , इशिता बंसल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व प्राची सैनी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पलवी कांबोज 95.8 प्रतिशत, निधि शर्मा 95.2 प्रतिशत, पलक 95.2 प्रतिशत, पलक 93.6 प्रतिशत, प्रियंका 93 प्रतिशत, हिमांशी 92.6 प्रतिशत, अरमान 92.4 प्रतिशत, शौर्य पांडे 92 प्रतिशत, विप्राश कांबोज 91.8 प्रतिशत, अभिनव 91.6 प्रतिशत, करुणा देवी 91 प्रतिशत, हर्षिता संधूजा 90.8 प्रतिशत, सागर 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अकाउंट्स विषय में खुशी व इशिता 100 अंक, म्यूजिक विषय में पलक व नाव्या 100 अंक ,इकोनॉमिक्स में खुशी ने 99 अंक, बायोलॉजी में हर्षिता ने 98 अंक, इंग्लिश भाषा में खुशी ने 98 अंक, बिजनेस स्ट्डीज में इशिता ने 98 अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रिंसीपल रमन कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी मेहनतए लगन व अनुशासन के दम पर अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। उन्होंने छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी।




### स्टार वे सीनियर सेकेंडरी के 36 विद्यार्थी मेरिट में

**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार और शतप्रतिशत रहा है। स्कूल के 27 बच्चों ने मैरिट सूची में स्थान हासिल कर संस्थान व जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय की चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज व प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि स्कूल के छात्र दीपक कुमार ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, विद्यालय के 36 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया और 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। जिनमें दीपक ने 95 प्रतिशत अंक, कनन ने 94.8 प्रतिशत, उदय ने 94 प्रतिशत, लोकेश ने 93.2 प्रतिशत, सानिया ने 92.6 प्रतिशत तथा तृषा ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि 11 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच में अंक प्राप्त किए। जिनमें तनुष 89.8 प्रतिशत, कशिश 89.6 प्रतिशत, गुरप्रीत 88.4 प्रतिशत, सिया 88 प्रतिशत, अक्षिया 87.6 प्रतिशत, अविश 87.6 प्रतिशत, चाहत 87.2 प्रतिशत, केशव 86.8 प्रतिशत, दीपांशु 86.6 प्रतिशत, वंशिका चौहान 85.4 प्रतिशत तथा विशेष 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी तरह 15 विद्यार्थियों में वैभव 84.6 प्रतिशत, रितिका 84.2 प्रतिशत, अंशिका 83.4 प्रतिशत, अविरल 83 प्रतिशत, वंदना 82.8 प्रतिशत, मानवी 82.4 प्रतिशत, हर्ष 82.4 प्रतिशत, दिवांशु 82.4 प्रतिशत, दीपांशी 82.4 प्रतिशत,मधुर 81.6 प्रतिशत, रविश 81 प्रतिशत, लक्ष्य 80.8 प्रतिशत, कनिका 80.6 प्रतिशत, दिव्यांशी 80.6 प्रतिशत तथा यश 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफल रहे। उन्होंने बताया कि स्कूल के 11 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। विषयवार सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में विज्ञान विषय में लोकेश ने 100 अंक, शारीरिक शिक्षा में दीपक ने 98 अंक, हिंदी विषय में कनन ने 98 अंक तथा सामाजिक विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय में उदय ने 96.96 अंक प्राप्त किए।



**यमुनानगर।** नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बच्चों के साथ खुशी जताते प्रबंधन के सदस्य। **फोटो : हरिभूमि**

### 93.4 प्रतिशत अंक के साथ दसवीं कक्षा में जानवी ने किया स्कूल टॉप

**यमुनानगर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल कैंप (यमुनानगर)का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। विद्यालय ने अपनी गौरवशाली परंपरा को दोहराते हुए इस वर्ष भी शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्रा जानवी ने 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि स्मृति ने 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ रिया ने विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक ने बताया कि हिंदी विषय में दीपांशु ने 95 अंक, सामाजिक विज्ञान में खुशी ने 93 अंक और गणित में जानवी ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रबंधन ने सभी मेधावी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# एमडीवीएम पब्लिक स्कूल में मन्नत 97 फीसदी अंकों के साथ रही अव्वल


छात्रा मन्नत


छात्रा महक

**रादौर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गए कक्षा बारहवीं का एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय की छात्रा मन्नत ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, एमडीवीएम सीनियर सैकेंडरी स्कूल हाफिजपुर का भी बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। दोनों स्कूलों में स्टाफ सदस्यों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। चेयरमैन अनिल कांबोज ने बताया कि छात्रा मन्नत ने बारहवीं कक्षा के में 97 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टाप किया है। वहीं, महक ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। डिम्पल ने 89 प्रतिशत, सूरज ने 88.2 प्रतिशत, ईशान गुप्ता ने 88.2 प्रतिशत, अपर्णा ने 87 प्रतिशत, सुखदेव ने 86 प्रतिशत, तनीशा ने 85 प्रतिशत, मानव ने 85 प्रतिशत, समीक्षा ने 85 प्रतिशत, अर्बिस ने 82 प्रतिशत, जशनप्रीत कौर ने 81 प्रतिशत, अंशिका ने 81 प्रतिशत, मुस्कान ने 81 प्रतिशत, हिमानी ने 81 प्रतिशत, गुरजोत ने 80 प्रतिशत, परीक्षित ने 80 प्रतिशत, तरुण ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चेयरमैन अनिल कांबोज ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर अकादमिक डायरेक्टर सोनाली कांबोज , विकास, गगन, अंकुर, शिवम, रंजना, समृति, सोनिया शर्मा व संजीव आदि मौजूद रहे।

**शानदार रहा परीक्षा परिणाम**

एमडीवीएम सीनियर सैकेंडरी स्कूल हाफिजपुर का ( एचबीएसई) कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम भी शानदार रहा है। प्रिंसीपल अशोक कुमार ने बताया कि छात्रा इशिता ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। महक ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व पुष्प्रीत ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। महक ने 88.2 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। गणित व पॉलिटिकल स्टडीज में इशिता ने 97.97अंक, हिंदी में मेघा व मोक्षिता ने 95.95 अंक, पुष्प्रीत ने फिजिक्स में 93 व जतिन ने केमिस्ट्री में 90 अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर संजीव शर्मा, रवि गौतम, सतिंदर, सोनू राम, शिवम, दीन मोहम्मद, ईशा, सविता, प्रियंका, गरिमा, संजय व सुभाष यादव आदि मौजूद रहे।

### संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

**रादौर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गए बारहवीं कक्षा का संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के चेयरमैन चौधरी रणधीर सिंह ने बताया कि विद्यालय की छात्रा जसप्रीत कौर ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त मनमीत कौर ने 86 प्रतिशत, जसनीत सिंह ने 83 प्रतिशत, रिया गर्ग ने 81 प्रतिशत, तनिषा ने 80 प्रतिशत, निधि ने 78 प्रतिशत, परनीत ने 76 प्रतिशत, अंजलि ने 76 प्रतिशत, प्रिया ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल की प्रिंसिपल सोनिया चानना ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग व विद्यालय के समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम व सही दिशा निर्देशन से ही यह सफलता संभव हो पाई है। स्कूल स्टाफ ने विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।


छात्र उज्जवल


छात्रा आरती


छात्रा अंजली

### विश्व समता हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

**यमुनानगर।** विश्व समता हाई स्कूल गांधीनगर(यमुनानगर) का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल के छात्र उज्जवल ने 94.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, स्कूल के 27 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान बनाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्रिंसीपल पूनम तंवर व स्टाफ सदस्यों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय की प्रिंसीपल पूनम तंवर ने बताया कि स्कूल के 76 विद्यार्थियों ने इस बार दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। सभी विद्याथियों ने कड़ी मेहनत और अध्यापकों के मार्ग दर्शन में परीक्षा को पास कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल के छात्र उज्जवल ने दसवीं कक्षा की परीक्षा के परिणाम में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, छात्रा आरती ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा अंजली ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। वहीं, स्कूल के 27 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान प्राप्त किया है। जबकि शेष सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। स्कूल की प्रिंसीपल पूनम तंवर ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी कठिन मेहनत,शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में कृष सैनी ने जीता गोल्ड मेडल

**रादौर।** तेजली स्टेडियम में हुई खेल प्रतियोगिता में कृष सैनी ने जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 52 किलोग्राम भार वर्ग में मेडल पर कब्जा जमाया। कोच साहब सिंह ने बताया कि फाइनल मुकाबला ऋतिक व कृष सैनी के बीच हुआ, जिसमें कृष ने ऋतिक को एकतरफा मुकाबले में हराकर गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने बताया कि गोल्ड मेडल जीतने के बाद कृष को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में अपने जौहर दिखाने का मौका मिलेगा। कृष पहले भी कई प्रतियोगिताओं में मेडल जीत चुका है। उन्होंने बताया कि कृष का सपना ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल हासिल करना होगा।

### 23 व 24 मई को लगेगा जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर

# प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं का बढ़ता है आत्मविश्वास

**यमुनानगर भाजपा के कार्यकर्ता डीपीएस में प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




**यमुनानगर।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते जिला अध्यक्ष राजेश सपरा।

भारतीय जनता पार्टी जिला यमुनानगर के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर 23 व 24 मई को डीपीएस स्कूल में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला पर्यवेक्षक प्रमोद कौशिक मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि जिलास्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का मुख्य उदेश्य जमीनी स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और कुशल बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में निपुणता, कार्य कुशलता और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों का जायजा लिया गया और कार्यकर्ताओं की अलग अलग डयूटियां लगाई गई हैं।

जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि सभी जिम्मेदार पदाधिकारी आज से ही प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों में जुट जाएं। मौके पर भाजपा जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के जिला पर्यवेक्षक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद कौशिक ने कहा कि प्रशिक्षण से भाजपा कार्यकर्ता संगठन के साथ साथ देश व राज्य के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगें। प्रशिक्षण शिविर में जिला यमुनानगर के चयनित भाजपा पदाधिकारी प्रशिक्षण लेंगे और प्रदेश भाजपा संगठन से प्रदेश स्तरीय 14 पदाधिकारी आकर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। मौके पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी,जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा,पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग,भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग, जिला उपाध्यक्ष विनीत कौर, रणधीर राणा, सतीश चौधरी, अशोक कुमार, विशाल कुमार, दीपक राणा, प्रभा सागर, सविता कांबोज, दीपक शर्मा, शुभम दत्ता व पीयूष गोगियान आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित

# 91.35 प्रतिशत रहा जिले का परीक्षा परिणाम
# 98.2 प्रतिशत अंक लेकर तृषा जिले में प्रथम

### 97.6 प्रतिशत अंक लेकर ईशा दूसरे और 97.4 प्रतिशत अंक लेकर दीपिका तीसरे नंबर पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा वीरवार को 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें जिला का परीक्षा परिणाम 91.35 प्रतिशत रहा। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने बताया कि जिला के 8488 विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा दी थी जिसमें से 7754 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। 600 विद्यार्थियों की ईआईओपी श्रेणी रही व 134 विद्यार्थियों का परिणाम एसेंशियल रिपीट रहा। हरियाणा बोर्ड की 12वीं कक्षा के परिणाम में श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सानिध्य में भारतीय शिक्षा समिति द्वारा संचालित विद्यालय बाबा श्रवण नाथ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रिंसिपल डॉ. खजान मेहला ने बताया कि कुल 68 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें सभी अच्छे अंकों द्वारा उत्तीर्ण रहे। इनमें से 13 परीक्षार्थियों ने मेरिट लिस्ट में अपना नाम अंकित किया। छात्र शिवम ने 93.4 प्रतिशत, दीपांशु ने 92.6 प्रतिशत, नेहा 92.6 प्रतिशत, चंद्रपती 92 प्रतिशत, शिव 90 प्रतिशत, सृष्टि 88.8 प्रतिशत, लखविंद्र सिंह 87.6 प्रतिशत, सिमरनजीत कौर 83.8 प्रतिशत, हर्षिता 83.6 प्रतिशत, लवकुश ने 83 प्रतिशत, जय नंद कुमार 82.8 प्रतिशत, हरि कृष्ण 81.8 व प्रदीप ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। सर छोटू राम हाई स्कूल गांव मंगोली जट्टान की छात्रा तृषा 98.2%अंक लेकर जिले में प्रथम रही और विद्याव्रत स्कूल घराड़सी की छात्रा ईशा 97.6% अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही वहीं शहीद सुरेंद्र कुमार स्कूल बाराना की छात्रा दीपिका 97.4 प्रतिशत अंक लेकर जिले में तीसरे स्थान पर रही।



## सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद



सीबीएसई द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा का परिणाम अत्यंत शानदार रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने बताया कि कॉमर्स संकाय में ऐशदीप कौर ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त मनन कोहली ने 91.8 प्रतिशत, रिषभजोत सिंह ने 89.8 प्रतिशत, राजबीर कौर ने 83 प्रतिशत, कनिष्का ने 82.4 प्रतिशत, स्नेहा एवं तान्या ने 81.6 प्रतिशत, मानसी ने 80.8 प्रतिशत तथा छवि ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आर्ट्स संकाय में चेष्ठा ने 89 प्रतिशत, गुरप्रीत सिंह ने 88.4 प्रतिशत, अगम मंचाल ने 85.8 प्रतिशत, श्वेता ने 79.4 प्रतिशत, सिमरनजीत कौर ने 77.8 प्रतिशत, ममता ने 77.2 प्रतिशत तथा शुभकीरत सिंह ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साइंस संकाय में उर्वी एवं निकिता ने 89.8 प्रतिशत, गुरवंश ने 88.4 प्रतिशत, शिवांश ने 86.6 प्रतिशत, हरनूर ने 77.4 प्रतिशत, नवजोत ने 77 प्रतिशत तथा प्रांजल ने 75.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में कमर्शियल आर्ट्स में राजबीर, तान्या, मानसी, उर्वी, हरनूर, प्राची, प्रांजल एवं शुभकीरत ने 100 अंक प्राप्त किए। हर्षदीप एवं चेष्ठा ने 99, जसप्रीत एवं जशनदीप ने 98, परी, दिनेश एवं लवप्रीत ने 97, भूमि, अतुल एवं जसप्रीत कौर ने 96, रन्शुल ने 95, तवलीन एवं मनतप्रीत ने 94 तथा सिमरन, पलक, गुंजन एवं तरनजोत ने 90 अंक प्राप्त किए।

### गीता कन्या विद्यालय में सरगम रही प्रथम



कुरुक्षेत्र। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दशम कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 34 छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्रा सरगम ने 93.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम , प्रज्ञा ने 90.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा आंचल ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की 10 छात्राओं ने 75% से अधिक अंक लेकर मेरिट में अपना स्थान बनाया, 16 छात्राओं ने 60% से अधिक अंक लेकर प्रथम श्रेणी में तथा 8 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी में अपना स्थान बनाया ' विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा एवं सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला व सभी अध्यापिकाओं ने छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को सफलता के लिए बधाई दी।



### अक्षरा स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

पिहोवा। अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल पिहोवा के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बार कक्षा 12वीं में छात्रा निष्ठा तनेजा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पिहोवा क्षेत्र में टॉप कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। अनाहद हुंडल (95.6%), अक्षिता (95%), युवराज चावला (94%), तेजस्वी (93.4%), कृष्णव (91.2%), जसमीत (89.8%), जतिन (87%), निमरत (85.8%), रिया (85.2%), भूमि (85%) और केशव गुप्ता ने 84% अंक पाए।

### श्रीमहावीर जैन स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत




कुरुक्षेत्र। श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र का सीबीएसई कक्षा 12वीं सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों एवं शिक्षकों का नाम गौरवान्वित किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। कॉमर्स संकाय में रिद्मम खुराना ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रियांशी ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आर्ट्स संकाय में गिरिशा ने 90.6 प्रतिशत तथा अंजली ने 90.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वंशिका ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मेडिकल संकाय में सोफिया और नितिशा ने 85.2 प्रतिशत, मान्या ने 84.4 प्रतिशत तथा पायल ने 84.6 प्रतिशत अंक हासिल किए।

### मिशन मेरिट के विद्यार्थियों ने मनाया जश्न



कुरुक्षेत्र। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित होते ही जिलेभर में खुशी का माहौल देखने को मिला। गांव धुराला स्थित मिशन मेरिट कोचिंग अकादमी में भी छात्रों की शानदार सफलता पर जश्न मनाया गया। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और मिठाईयों के साथ टॉपर्स का जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीण परिवेश में स्थित मिशन मेरिट ने इस वर्ष भी हरियाणा और सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम देकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खास बात यह रही कि ग्रामीण बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। संस्थान के संस्थापक एवं निर्देशक प्रिंस धवन ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी।

### केयू मॉडल स्कूल का 99.1% परीक्षा परिणाम



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कॉमर्स, विज्ञान एवं कला संकाय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच का परिणाम होती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल सिंह ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खबर संक्षेप

#### 104 लोगों को उपलब्ध करवाई स्वास्थ्य सेवाएं

लाडवा। नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की नई उम्मीद बनकर उभर रही हैं। स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान के अंतर्गत वीरवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव दौलतपुर और किशनगढ़ पहुंची, जहां ग्रामीणों को उनके घर के समीप ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

#### मंत्रों से हुई पीतल के नंदीश्वर बाबा की स्थापना

कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली (कुरुक्षेत्र) के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि आज गुरुवार ज्येष्ठ मास की त्रयोदशी प्रदोष व्यापिनी तिथि में पीतल के नंदीश्वर बाबा की स्थापना शिमला शर्मा धर्मपत्नी गोपाल शर्मा, बबीता शर्मा धर्मपत्नी नरेश शर्मा ने सपरिवार करवाई। श्रीसाक्षी गोपाल मंदिर, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश आचार्य रविशंकर कौशिक और पुजारी पंडित राहुल मिश्रा ने वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना करवाई। भगवान शिव की आरती श्रद्धा भावना से हुई फिर प्रसाद वितरण हुआ।

## बाढ़ के पानी से आमजन की जान-माल की हानि को रोकने के लिए प्रशासन ने की मॉक ड्रिल : अनिल दून

### झांसा में सभी विभागों ने मिलकर मॉक ड्रिल करते हुए अपनी-अपनी तैयारियों को परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने कहा कि बारिश के सीजन में बाढ़ के पानी से आमजन की जान माल की हानि को रोकने के लिए जिला प्रशासन मॉक ड्रिल कर रहा है, जोकि सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। प्राकृतिक आपदाओं को आने से रोकने तो संभव नहीं है, लेकिन इन आपदाओं से होने वाली हानियों को कम करने के लिए प्रशासन हमेशा प्रयासरत रहता है। इसी दिशा में सभी विभागों ने मिलकर मॉक ड्रिल करते हुए अपनी-अपनी तैयारियों को परखा है। इस दौरान जो



कमियां प्रशासन को महसूस हुई हैं, उन्हें समय रहते पूरा किया जाएगा, ताकि आपदा की स्थित से निपटने में कोई कमी ना रहे। इस अभ्यास से ऐसी दुर्घटना के समय आपसी तालमेल के सहयोग से आमजन को बचाया जा सकता है। एसडीएम अनिल कुमार दून वीरवार को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के निर्देशानुसार पिहोवा ब्लॉक के झांसा गांव में मॉक ड्रिल टेस्ट का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झांसा गांव के डेरा मोहम्मद साहब और नरवाना ब्रांच नहर चयनित की गई थी, जिसमें मॉक ड्रिल टेस्ट का अभ्यास सभी विभागों द्वारा मिलकर किया गया। ऐसे समय में झांसा सीएससी मेरे लिए कैंप बनाया गया। अनाज मंडी झांसा में स्टेजिंग एरिया खानपान के लिए चिन्हित किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के चारे के व्यवस्था पशुओं को सुरक्षित स्थान पर लेकर आने के लिए एंबुलेंस ट्रैक्टर ट्रॉली में अन्य व्यवस्थाओं का इंतजाम किया गया।

## पतंजलि योग सूत्र कंठपाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया कौशल का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



गीता मनीषी परम पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रेरणा दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग एवं विश्ववारा कन्या गुरुकुल, रुड़की, रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में श्रीगीता ज्ञान संस्थानम में पतंजलि योगसूत्र के कंठस्थ, शुद्ध उच्चारण एवं पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाणा योग आयोग के माननीय अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में कार्यक्रम की अध्यक्षता ईश कुमार आर्य, प्रांतीय प्रभारी, पतंजलि योग समिति, हरियाणा ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर सी डी एस कौशल, निदेशक, हरियाणा साहित्य अकादमी संस्कृत प्रकोष्ठ रहे। प्रतियोगिता का आयोजन 4 वर्गों में किया गया। कनिष्ठ वर्ग छात्राओं में वंशिका, आदम्या, इशिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय जबकि नंदिनी एवं सिद्धि ने सांत्वना पुरस्कार, वरिष्ठ वर्ग छात्राओं में साक्षी, सोनाक्षी, हिमांशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं दिव्य और दिव्यांशी ने सांत्वना पुरस्कार, वरिष्ठ वर्ग छात्रों में वंश, रोशन व शिवम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## शनि देव की पूजा से बाधाएं होती हैं दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

मॉडल टाउन स्थित श्रीदक्षिणा काली पीठ में पीठ के संस्थापक एवं श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय भव्य शनि यज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। यज्ञ में महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी, स्वामी महेश पुरी, स्वामी आशुतोष पुरी सहित अनेक संत महात्मा एवं दूर-दराज से आए यजमानों, श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए। साधु-संतों ने भाग लेकर भगवान शनिदेव की पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि



और शांति की कामना की। जानकारी देते हुए पीठ के व्यवस्थापक स्वामी खटवांग पुरी महाराज ने बताया कि 14 मई से 16 मई तक चलने वाले तीन दिवसीय शनि यज्ञ का आयोजन विशेष रूप से लोक कल्याण, ग्रह दोषों की शांति तथा मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा के संचार हेतु किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा, हवन और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म और मानव सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस मौके पर बलवान शर्मा, रणदीप खुराना, रोहित गर्ग, रिंकी गर्ग, राकेश शर्मा, अजय गर्ग सहित अनेक यजमान एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया सचेत

- पीएमश्री विद्यालय बारना में नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने और युवा पीढ़ी को जागरूक करने के उद्देश्य से शहीद सुरेंद्र कुमार पीएमश्री विद्यालय बारना में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीने




का संदेश दिया गया। इस मौके पर शिक्षक राजबीर सिंह, रामप्रसाद, रेनू, अजय गुप्ता, बलवान शर्मा, सुनीता, रीना, रेखा व अन्य शिक्षक मौजूद रहे। अभियान की शुरूआत में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर गांव में रैली निकाली। रैली के पश्चात विद्यालय परिसर में पेंटिंग प्रतियोगिता और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और तूलिका के माध्यम से नशे के कारण उजड़ने वाले परिवारों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभावों को बेहद मार्मिक ढंग से प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से नशा न करने की शपथ ली। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी इस बुराई से मुक्त कराने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।



### गीता मनीषी के जन्मदिवस पर आज गाय-गोपाल व हनुमान प्रतिमा का होगा लोकार्पण

कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी स्वामी ज्ञाननंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा श्री कृष्ण कृपा गौशाला में 15 मई गीता मनीषी के जन्म दिवस को गाय गोपाल और हनुमान जी की मूर्ति का लोकार्पण किया जाएगा। इन मूर्तियों की विशेष पूजा गुरुवार को की गई। इस पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में गौशाला प्रधान सुनील वत्स व धर्मपत्नी सविता, मंगत राम जिंदल व उनकी धर्मपत्नी, हंसराज सिंगला व उनकी धर्मपत्नी, पवन भारद्वाज व उनकी धर्मपत्नी किरण, विजय बवेजा व उनकी धर्मपत्नी तथा रवि शर्मा व उनकी धर्मपत्नी ऋतु सहित उपस्थित रहे। पूजन के दौरान संपूर्ण वातावरण वैदिक मंत्रोच्चारण एवं भक्तिमय भावनाओं से सराबोर रहा। आयोजित भव्य भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं समाजसेवी संजीव सीकरी अपनी धर्मपत्नी एकता सीकरी सहित उपस्थित रहे। उन्होंने आरती-पूजन में सहभागिता की तथा आज का भण्डारा सेवा भी उनकी ओर से रही। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना एवं संस्कारों के संवर्धन का सशक्त माध्यम है।

**कार्यक्रम** केयू में भगवान गौतम बुद्ध के 2588 वें जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

## भगवान बुद्ध की शिक्षाएं समाज के लिए मार्गदर्शक: सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

आज के समय में जब समाज मानसिक तनाव, नैतिक पतन और वैश्विक असंतुलन जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब भगवान गौतम बुद्ध की शिक्षाएं अत्यंत प्रासंगिक हो जाती हैं। करुणा, अहिंसा, सत्य और आत्म अनुशासन जैसे उनके सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा देने की क्षमता रखते हैं। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर अध्ययन केंद्र द्वारा भगवान गौतम बुद्ध के 2588वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ह्युगानुकूल परिस्थितियाँ और भगवान गौतम बुद्धह्व विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर व भगवान बुद्ध व डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वंदे मातरम गीत के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में वैचारिक जागरूकता और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भगवान बुद्ध ने हमें केवल आध्यात्मिक ज्ञान ही नहीं दिया, बल्कि एक ऐसा जीवन-दर्शन दिया जो आज के आधुनिक संदर्भ में भी पूरी तरह लागू होता है। उनका मध्यम मार्ग हमें सिखाता है कि न तो अत्यधिक भोग में जाना चाहिए और न ही अत्यधिक त्याग में, बल्कि संतुलित जीवन ही वास्तविक शांति का मार्ग है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आज के समय में आत्मनिर्भरता की बात अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि हम ऊर्जा क्षेत्र को देखें तो आज भी हम कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के लिए बड़े पैमाने पर अन्य देशों पर निर्भर हैं। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि हमें अपने संसाधनों, विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और स्वदेशी तकनीक की ओर अधिक ध्यान देना होगा। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक विषय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता से भी जुड़ा हुआ विषय है। मुख्य अतिथि भन्ते धम्माशील, बुद्धा भंती ने अपने संबोधन में कहा कि जो धर्म हिंसा, खून-खराबा और नफरत फैलाता है, वह सच्चा धर्म नहीं हो सकता।



कुरुक्षेत्र। संगोष्ठी को संबोधित करते कुलपति प्रो . सोमनाथ सचदेवा।

### भगवान बुद्ध मानव चेतना, करुणा और आत्मज्ञान के शाश्वत प्रतीक: प्रो. रंजन त्रिपाठी

मुख्य वक्ता प्रो. रंजन त्रिपाठी ने कहा कि भगवान बुद्ध को जानना अर्थात स्वयं को जानना है। बुद्ध केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि चेतना, करुणा और सत्य का शाश्वत स्वरूप हैं। उन्होंने मानव को सिखाया कि बाहरी वैभव से अधिक महत्वपूर्ण आत्मज्ञान है। जब मनुष्य स्वयं से प्रश्न करता है, तभी उसके भीतर ज्ञान का प्रकाश उत्पन्न होता है। बुद्ध का जीवन हमें बताता है कि सत्य की खोज त्याग, चिंतन और आत्म साक्षात्कार से प्राप्त होती है। इसलिए बुद्ध केवल इतिहास नहीं, बल्कि मानव चेतना के चिरंतन मार्गदर्शक हैं।

**खबर संक्षेप**

## महाकाली मंदिर में होगी वट वृक्ष की पूजा

**नारायणगढ़।** प्राचीन श्री महाकाली मंदिर में शनिवार को शनि जन्म महोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा। इस दिन वट वृक्ष की पूजा की जाएगी। मंदिर के पुजारी राम चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि ऐसा 100 वर्षों में संयोग बना है कि शनि जन्मोत्सव शनिवार को ही आ रहा है। शनि महाराज की पूजा कमल के फूल व नीले रंग के फूल से पूजा की जाएगी। इस दिन शनि मंत्र से हवन किया जाएगा। उड़द की दाल से अमरती का भोग तथा काले छोले और हलवा का भोग लगाया जाएगा और दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन होगा।

## मुख्य वाटर वर्क्स में पानी नहीं, आपूर्ति बाधित

**अंबाला।** कार्यकारी अभियंता कर्ण सिंह ने बताया कि 15 मई को अंबाला शहर की लालपुर बस्ती के बिजली बाधित रहने के चलते शहर का मुख्य वाटर वर्कस में पानी की आपूर्ति नहीं हो सकेगी। इसके चलते 15 मई को प्रातः से लेकर देर शाम तक उपभोक्ताओं को पानी की आपूर्ति नहीं की जा सकेगी। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि इस स्थिति को देखते हुए वीरवार को वह अपने घरों में पानी का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक रखें ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और समाधान शिविर इसी उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत में अनावश्यक देरी न हो और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाया जाए।

## 10वीं के परीक्षा परिणाम में संजना रही अव्वल

**शहजादपुर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ का परीक्षा परिणाम एक बार पुनः शत प्रतिशत रहा। संजना ने 461/500 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सृष्टि ने 435/500 व युक्ति 425/500 ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 12 विद्यार्थियों की मेरिट है और 17 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉ. नीलम शर्मा ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## एसडीएम ने अधिकारियों को जारी किए निर्देश

**जींद।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि आने वाले मानसून को देखते सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें। किसी भी विभाग को कार्य करवाने में अगर कोई तकनीकी बाधा आ रही है तो उसके बारे में सूचित किया जाए ताकि समय पर समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने शहर में बरसाती पानी से जलभराव की समस्या के समाधान पर अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

### राजस्व एवं आपदा प्रबंधन व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से हुई मॉक ड्रिल

# सायरन बजते ही हरकत में आई टीमें, तुरंत शुरू हुआ राहत कार्य

शहर के नागरिक अस्पताल में बिल्डिंग टूटने पर किए जाने वाले बचाव को लेकर रिहर्सल की गई, घायलों को बाहर निकालने का भी कार्य किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। मॉक ड्रिल में व्यक्ति की जांच करते डॉक्टर। फोटो: हरिभूमि

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन विभाग के सौजन्य से जिले में मॉक ड्रिल आयोजित करवाई गई। इसी कड़ी में अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में पूरी कार्रवाई जिसमें एसडीएम दर्शन कुमार की अध्यक्षता में तमाम गतिविधियों का परीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान प्राकृतिक आपदा के तहत नागरिक अस्पताल की बिल्डिंग अचानक टूटने के चलते वहां पर कई लोग भवन में फंस गए, जिसे मौके पर रेस्क्यू टीम ने पहुंचकर निकाला। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, गृहरक्षी, पुलिस विभाग तथा फायर ब्रिगेड विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से अपने-अपने विभाग की ड्यूटी का निर्वहन किया। इस दौरान घायलों को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित भवन से निकालकर उन्हें प्राथमिक उपचार दिलवाया। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घायलों का समय रहते उपचार करते हुए उनके जीवन को सुरक्षित किया। इसके साथ-साथ रेडक्रॉस व निजी संस्थाओं द्वारा यहां पर जो आवश्यक वस्तुएं थी वह भी यहां पर रखी गई ताकि इस आपदा में जो भी सामान आवश्यक हो उन्हें दिया जा सके। मॉक ड्रिल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एनआईसी कार्यालय के सभागार में कंट्रोल रूम भी बनाया गया था। वीसी के माध्यम से यहां पर जो भी गतिविधियां की गई उसकी समीक्षा भी की गई। एसडीएम ने इस अवसर पर यह भी बताया कि रेडक्रॉस व उनकी टीम में शामिल विद्यार्थियों ने भी इस आपदा के समय जो कार्य किए जाने थे उसे बहुत ही बेहतर तरीके से करने का काम किया है। स्वास्थ्य विभाग की सीएमओ डॉ. रेणु बेरी ने बताया कि यहां पर जो मॉक ड्रिल हुई थी उसमें स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों ने भी आगे आकर अपनी ड्यूटी को बखूबी निभाते हुए परीक्षण के इस कार्य में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की है। रेडक्रॉस की टीम में शामिल डॉक्टर किरण आंगरा ने बताया कि विद्यार्थियों को आपदा के समय क्या-क्या कार्य करने हैं उस बारे में ट्रेनिंग दी जाती है जोकि उनके पाठयक्रम में शामिल रहता है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की टीम, पुलिस विभाग, गृहरक्षी विभाग तथा फायर ब्रिगेड विभाग की टीम ने भी अपने कार्य को बेहतर तरीके से करते हुए यहां पर सफल परीक्षण किया है। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच तालमेल बढ़ाना और आपदा के समय त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। सीएमओ डॉ. रेणु बेरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरी मुस्तैदी से अपनी भूमिका निभाई। वहीं रेडक्रॉस की डॉक्टर किरण आंगरा ने कहा कि विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि जरूरत पड़ने पर वे भी प्रभावी भूमिका निभा सकें। सभी विभागों के समन्वित प्रयास से यह मॉक ड्रिल सफल रही। इस मौके पर डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, डॉ. अदिति, जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

### 14 लोगों के होने का किया फिल्मांकन

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि 13 जिलों में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सौजन्य से मॉक ड्रिल आयोजित करवाई गई है जिसमें अंबाला शहर का नागरिक अस्पताल भी शामिल है। यहां पर अचानक भवन की बिल्डिंग टूटने के होने किए जाने वाले बचाव को लेकर रिहर्सल की गई। आपदा के समय घायलों को किस तरह बाहर निकाला जाता है इसकी भी रिहर्सल की गई। उन्होंने इस मौके पर बताया कि इस आपदा के तहत अस्पताल के भवन में 14 लोगों होने का फिल्मांकन किया गया। जिनमें से कुछ लोगों को पैर में तथा सिर पर गंभीर चोटें लगने का मंचन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान घायलों का उपचार किया जाना, रेस्क्यू टीमों द्वारा घायलों को सुरक्षित निकालना व अन्य तमाम गतिविधियों का यहां पर परीक्षण किया गया। एसडीएम ने यह भी बताया कि सभी टीमों ने अपना कार्य बेहतर तरीके से किया है और इस घटना में सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यक्ति घायल हो गए थे उन्हे यहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में रिलिफ सेंटर में दाखिल करवाया गया। यहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया गया।

# कॉमर्स में सिमरजीत कौर 96% अंक लेकर टॉपर


बराड़ा। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय में छात्रा सिमरजीत कौर ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। दविंदर कौर एवं खुशी गोयल ने 90 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नवजोत सिंह ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। साइंस संकाय में महक पाल ने 82 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमिका ने 81 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा युवराज सिंह ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त नवनीत कौर ने 78 प्रतिशत, नमनप्रीत कौर ने 77 प्रतिशत तथा मनमीत सिंह ने 77.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आर्ट्स संकाय में रश्मि ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पारस राणा एवं रिया ने 79 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि वंशिका ने 73 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जैन साध्वियों के प्रवचनों से श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**मुलाना।** एसएस जैन स्थानक में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शासन प्रभाविका उपप्रवर्तिनी महासाध्वी कैलाशवती महाराज की सुशिष्याएं श्रमणी रत्ना महाराज एवं प्रवचन प्रभाविका महासाध्वी सुचेता महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन बड़ी कठिनाई से प्राप्त होता है, इसलिए इसे सत्कर्म, धर्म और मानव सेवा में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मकल्याण तथा सदाचार को अपनाना है। इस दौरान मधुरगायिका महासाध्वी डॉ. श्री समीक्षा महाराज एवं नवदीक्षिता अर्हती महाराज ने भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों और प्रवचनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।एसएस जैन सभा के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि जैन स्थानक में 17 मई रविवार को प्रातः प्रवचन प्रभाविका महासाध्वी सुचेता महाराज के सानिध्य में महासाध्वी कैलाशवती महाराज एवं महासाध्वी डॉ. श्री समीक्षा महाराज की दीक्षा जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



## शैमफोर्ड स्कूल के नमन ने विज्ञान संकाय में 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर मारी बाजी

**बराड़ा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शैमफोर्ड विद्यालय का प्रदर्शन अत्यंत शानदार एवं गौरवपूर्ण रहा।विज्ञान संकाय में नमन ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में श्रेष्ठ स्थान हासिल किया। इसके अलावा जतिन ने 91.8 प्रतिशत, अश्मित ने 88.2 प्रतिशत, गुरलीन ने 87.2 प्रतिशत, गुरदीप ने 85 प्रतिशत, पलक ने 84.8 प्रतिशत, भूमिका ने 83 प्रतिशत, गुरमीलन व हार्दिक ने 81.6 प्रतिशत तथा अद्वितीय ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कॉमर्स संकाय में प्रांशुल ने 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कला संकाय में अंशिका ने 88.6 प्रतिशत तथा शगुन ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## राजकीय उच्च विद्यालय की छात्रा खुशी 447 अंक के साथ बनी टॉपर, सिम्मी द्वितीय व कुमकुम तृतीय

**अंबाला।** राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर ने इस वर्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मेट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के कुल 46 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी विद्यार्थी सफल घोषित हुए। विद्यालय की छात्रा खुशी ने 447 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सिम्मी ने 411 अंक प्राप्त कर दूसरा तथा कुमकुम ने 398 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष 25 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए है जबकि 10 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। इसके अलावा 2 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के मुखिया जसविंद्र सिंह ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।





# खेल, कला और शिक्षा में आस्था की शानदार उपलब्धि,12वीं में पाए 90% अंक

- राष्ट्रीय स्तर की नेटबॉल खिलाड़ी व उभरती चित्रकार है आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। राष्ट्रीय स्तर की नेटबॉल खिलाड़ी आश्था।

राष्ट्रीय स्तर की नेटबॉल खिलाड़ी और उभरती चित्रकार आस्था ने खेल, कला और शिक्षा—तीनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आस्था ने 500 में से 450 अंक प्राप्त कर 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

आस्था ने अब तक पांच बार राष्ट्रीय स्तर की नेटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। विभिन्न राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में उसने पदक जीतकर न केवल अपने विद्यालय बल्कि चंडीगढ़ और हरियाणा का नाम भी गौरवान्वित किया है।

खेलों के साथ-साथ आस्था की कला के क्षेत्र में भी विशेष पहचान बन चुकी है। उसकी बनाई पेंटिंग्स को प्रतिष्ठित एग्जिबिशंस में स्थान मिल चुका है, जहां उसकी रचनात्मकता और कलात्मक सोच की सराहना हुई। इसके अतिरिक्त मनोविज्ञान विषय पर भी उसकी गहरी समझ और रुचि उसे बहुआयामी प्रतिभा के रूप में स्थापित करती है।

आस्था चंडीगढ़ के सेक्टर-15 स्थित डीएवी स्कूल की छात्रा है। उसके पिता दिनेश कुमार हरियाणा विधान सभा में मीडिया एवं संचार अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। परिवार सेक्टर-19, चंडीगढ़ में निवास करता है।

आस्था की इस उपलब्धि पर परिवार, विद्यालय तथा परिचितों में खुशी का माहौल है। उसकी सफलता को मेहनत, अनुशासन और बहुमुखी प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है।

## न्यू सरस्वती स्कूल की छात्रा रिया ने दसवीं के परीक्षा परिणाम में मारी बाजी, स्कूल ने मनाया जश्न

**नारायणगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में न्यू सरस्वती सीनियर सेकंडरी स्कूल नगला राजपूतान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्म सिंह सैनी ने बताया कि कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में स्कूल से रिया ने 481/500 (96.2 प्रतिशत ) अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही मनु पुत्र हरीश कुमार व मितांशु दोनों बच्चों ने 478/500 ( 95.6 प्रतिशत) अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही नीरज पुत्री जयपाल 477/500( 95.4 प्रतिशत ) अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि सत्र 2025-26 में दसवीं के बोर्ड परीक्षा में कुल 54 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए । जिनमें से 4 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए ,10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक ,8 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक , 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक, 15 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक लिए व शेष सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रधानाचार्य कर्म सिंह सैनी व मुख्य सलाहकार रेनू- भूषण ने विद्यार्थियों, अध्यापकगणों व अभिभावकों को तहदिल से मुबारकबाद दी व अपनी प्रसन्नता का इजहार करते हुए सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया।

- हरीश कुमार व मितांशु ने द्वितीय और नीरज ने तृतीय स्थान किया हासिल



## आरपीएस स्कूल : स्वाति ने 99.6, ईप्शा ने 99.2, अक्षिता ने 99 व वनिशा ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर रचा इतिहास

12वीं के 153 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की विद्यार्थी स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्शा डागा ने 99.2, अक्षिता धिमान ने 99 , वनिश जैन ने 98.8 , तन्नु ने 98.6 , उमंग यादव ने 98.6 , विशाल ने 98.4 , अंकिता ने 98.4, भाविका सिंह, मीनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 , निकिता यादव ने 98.2 , वृति ने 98 फीसदी अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस के 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए। सीईओ इंजि. मनीष राव ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आरपीएस संस्था ने सांईस मेडिकल एवं नॉन मेडिकल कॉमर्स व ह्यूमेनिटिज में अपनी परंपरा का परिणाम दिया है। आरपीएस की स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्सा डागा ने 99.2 , अक्षिता धिमान ने 99 , वनिषा जैन ने 98.8 , तन्नु ने 98.6 , उमंग यादव ने 98.6 , विशाल ने 98.4 , अंकिता ने 98.4 , भाविका सिंह, मिनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 , निकिता यादव ने 98.2 , वृति ने 98 , नमन, गरिमा, रितिका, वंशिका व चिराग ने 97.8 , धारवी यादव, अर्पित व सानवी शर्मा ने 97.6 , वंशिका सोनी, बलकेश, समृधि सारा व साईस्मृति साहू ने 97.4 , निहारिका यादव, ईशिका, साहिल, वेदांशि, तनिश कुमार, भव्या सतिजा व निर्मल ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किए।



## मेडिकल संकाय में तान्या व मिंकल ने किया टॉप

**बराड़ा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल उगाला ने एक बार फिर शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। मेडिकल संकाय में तानिया, मिंकल, पलकप्रीत एवं दक्षिता ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। नॉन-मेडिकल संकाय में देवांश कम्बोज, हिमांशी, नमन गुप्ता एवं राघव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं कॉमर्स संकाय में यशिका, वंशिका एवं प्रतीक ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## 30 मई तक चलेगा प्रदेश में जनगणना का कार्य

**शहजादपुर।** शिवजीत भारती ने बताया कि मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक उपमंडल में चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के सफल संचालन के लिए खंड नारायणगढ़ एवं शहजादपुर में जनगणना कार्य हेतु नायब तहसीलदार सुनील कुमार को चार्ज अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि नारायणगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए नगरपालिका सचिव राजेश कुमार को चार्ज अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जनगणना 2026 के कार्य में अधिकारियों का सहयोग करें। देश की प्रगति की दिशा में जनगणना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना सिविल लाईन के प्रभारी पूजा ने बताया कि गांव बुटाना सोनीपत निवासी उमंग ने बताया कि वह कार्यवश जींद आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल को नया बस अड्डा पार्किंग में खड़ी की थी। कुछ समय बाद उसने अपनी मोटरसाइकिल को देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक को चोरी पाया। पुलिस ने उमंग की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। पुलिस ने तकनीकी जांच व साक्ष्यों के आधार पर गोंसाईखेड़ा निवासी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जनसूई के सरपंच व उसके पेट्रोल पंप पर हैंड ग्रेनेड से होना था बड़ा धमाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। पकड़ा गया आरोपी एसटीएफ की हिरासत में।

कुरुक्षेत्र के शाहाबाद से पकड़े गए गैंगस्टर सूर्यप्रताप उर्फ नोनी राणा ने अंबाला में हैंड ग्रेनेड से धमाका करने वाला था। यहां के एक गांव के सरपंच और उसका पेट्रोल पंप भी उसके निशाने पर था। इसके लिए सूर्यप्रताप विदेश में बैठे लखबीर लांडा गैंग के अपने साथी के इशारे का इंतजार कर रहा था। हालांकि घटना से पहले ही एसटीएफ अंबाला यूनिट और पंजाब काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर सूर्यप्रताप को काबू कर लिया। उसके कब्जे से अवैध पिस्टल, एक मैग्जीन और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। शुरूआती पूछताछ में आरोपी ने कई अहम खुलासे किए हैं। आरोपी ने शाहाबाद में अपने मोटर यार्ड में खड़ी स्कोडा कार से हैंड ग्रेनेड भी बरामद करवाया है। हैंड ग्रेनेड की बरामदगी के बाद पुलिस उसकी भी जांच कर रही है। जांच टीम के मुताबिक अंबाला शहर के सैनी माजरा के रहने वाले सागर सैनी और परगट निवासी दबखेड़ी (कुरुक्षेत्र) विदेश से अपनी गैंग को चला रहे हैं। दोनों लखबीर सिंह लांडा गैंग के मेंबर है। तंगौर गांव का रहने वाला सूर्यप्रताप काफी समय से इन दोनों के संपर्क में था। पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पहले विदेश में बैठे सागर और परगट ने यहां के जनसूई गांव के सरपंच सुरेंद्र सिंह उर्फ काला से फिरौती मांगी थी। मांग पूरी नहीं होने पर सरपंच के घर और पेट्रोल पंप को बम से उड़ाने और उन पर फायरिंग करने की धमकी दी थी।




## पार्क अस्पताल, मोहाली ने सफलतापूर्वक पूरी की 2500 रोबोटिक जॉइंट रिसर्फेसिंग सर्जरी

**अंबाला।** पार्क अस्पताल, मोहाली के डायरेक्टर-ऑर्थोपेडिक्स और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट, डॉ भानु प्रताप सिंह और सीनियर कंसल्टेंट-ऑर्थोपेडिक्स, डॉ अनिल कपूर वशिष्ठ ने गुरुवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रोबोटिक नी रिसर्फेसिंग सर्जरी में हुई हालिया प्रगति पर प्रकाश डाला।पार्क अस्पताल उत्तर भारत का दूसरा सबसे बड़ा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल नेटवर्क है, जिसमें 17 अस्पताल, 4160 बेड, 900 आईसीयू बेड, 15 कैथ लैब, 45 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और 1200 से अधिक डॉक्टर हैं।डॉ भानु प्रताप ने कहा, पार्क हॉस्पिटल, मोहाली में हमने 2500 से अधिक रोबोटिक नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं। अपनी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पार्क हॉस्पिटल, मोहाली और पार्क हॉस्पिटल, पंचकुला अपने सभी मरीजों को 30 जून तक मुफ्त रोबोटिक तकनीक उपलब्ध करा रहा है। इस पहल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक उन्नत स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। डॉ भानु ने यह भी बताया कि पहले नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के पूरे इलाज के लिए मरीज को 3-4 सप्ताह अस्पताल में रहना पड़ता था। लेकिन रोबोटिक सर्जरी में हाल ही में हुई प्रगति से अब हम रोबोटिक नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी 12-15 मिनट में कर रहें हैं।